रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 138 रुपये प्रति किलोग्राम के दाम पर प्रदर्शित किया गया।

गवर्नमेंट एम्पलाईज सेन्ट्रल हायर-परचेज को-ऑपरेटिव सोसायटी को सर्वोत्तम सहकारी समिति सम्मान

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने इस वर्ष का सर्वोत्तम सहकारी समिति का पुरस्कार गवर्नमेंट एम्प्लाईज सेन्ट्रल हायर-परचेज को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, झंडेवालान, नई दिल्ली को दिया गया।

दिल्ली के हिन्दी भवन में सम्पन्न हुए, एक भव्य समारोह में, दिल्ली की मुख्य मंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का वितरण किया। इस समारोह की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के मंत्री हारुन युसूफ ने की। इसका आयोजन रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसायटीज, दिल्ली सरकार द्वारा किया गया, जिसमें राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारियों और बड़ी संख्या में अतिथियों ने भाग लिया। दिल्ली सरकार प्रतिवर्ष अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाये जाने के उपलक्ष्य में इस पुरस्कार की घोषणा करती है।

यह पुरस्कार सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुरस्कार प्रदान करते हुए श्रीमती शीला दीक्षित ने इस समिति के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें याद है कि वे इस सोसायटी की वर्ष 2008 में मनायी गयी रजत जयन्ती के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित थी। उन्होंने आशा प्रकट की कि ऐसे पुरस्कार देश में सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देने में निश्चित रूप से कारगर सिद्ध होते हैं।

श्री हारुन युसूफ ने अपने अध्यक्षीय भाषण में गवर्नमेंट एम्प्लाईज सेन्ट्रल हायर-परचेज को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, झंडेवालान, नई दिल्ली के कार्य-कलापों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि यह सोसायटी आने वाले वर्षों में और अधिक लगन और मेहनत से कार्य करेगी। सुरेन्द्र कुमार शर्मा जो इस सोसायटी के अवैतनिक सचिव हैं, ने अपनी सोसायटी की ओर से इस पुरस्कार को प्राप्त किया। जहां तक गवर्नमेंट एम्प्लाईज सेन्ट्रल हायर-परचेज को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, झंडेवालान, नई दिल्ली का प्रश्न है, इस सोसायटी का गठन 1967 में हुआ था।

यह पूरी दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों की एक मात्र ऐसी सहकारी समिति है जिसमें करीब 9000 से अधिक सदस्य है।